पाठ-९

राष्ट्रगीत

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- हमारा भारत सारे संसार का मार्ग दर्शन करने वाला देश है, जो कि आकाश में स्थित धुन तारे के बराबर है।
- हमारा यह सौभाग्य है कि हम यहाँ जन्म हुए हैं।
- इस स्वतंत्र देश की धूप और हवा ही हमारे लिए दवा का काम करती है।
- हमारी यह जन्मभूमि सबसे सुंदर और श्रेष्ठ है, जहाँ हमें जीना और मरना दोनों ही प्रिय है।
- हम इसके वीर संतान है जो न किसी से डरेंगी और न ही पीछे हटेंगे।
- हमारे इस देश ने चाँद और मंगल ग्रह तक की पहुँच का सपना सच करके नये युग को आवाहन किया है।
- यह हमारा परम सौभाग्य है कि हमें इस देश ने जन्म दिया है।

अभ्यास के लिए:

मौखिक-

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

ध्रुव	सौभाग्य	चंदन	खुशबू	आँचल
धरती	आँधी	आँख	पर्वत	ध्वज

२. कम से कम शब्दों के में उत्तर दीजिए।

क) सारे संसार को कौन रास्ता दिखलाता है?

उ: सारे संसार को हमारा देश भारत रास्ता दिखलाता है।

ख) हम भाग्यशाली क्यों हैं?

उ: हम भाग्यशाली इसलिए हैं क्यों कि हमने इस महान देश में जन्म लिया है।

ग) सौ रोगों की एक दवा किसे कहा गया है?

उ: सौ रोगों की एक दवा इस देश की खुली धूप और हवा को कहा गया है।

घ) इस धरती पर सबसे सुंदर देश कौनसा है?

उ: इस धरती पर सबसे सुंदर देश हमारा भारत है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ङ) हमारा सपना क्या है ?

उ: हमारा सपना चाँद और मंगल तक पहुँचना है।

लिखित-

३. काव्य की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) जन्मभूमि से बढ़कर सुंदर, कौन देश है इस धरती पर ?

- धरती पर सबसे सुंदर देश कौनसा है ?

उ: धरती पर सबसे सुंदर देश हमारा भारत है।

ख) हम न झुकेंगे, हम न रूकेंगे, यही हमारा नारा है।

- आप बच्चों का नारा क्या है।

उ: हम बच्चों का नारा है कि हम कभी न तो झुकेंगे और न ही रूकेंगे।

ग) चाँद और मंगल का सपना, सच होने जाता है अपना।

- चाँद और मंगल के बारे में आपका क्या सपना है ?

उ: चाँद और मंगल के बारे में हमारा सपना यह है कि हम वहाँ जाएँगे और रहने का आनंद उठाएँगे।

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) ध्रुव तारा क्या है ? उसका क्या काम होता है ?

उ: ध्रुव तारा एक तारा है जो हमेशा उत्तर दिशा में एक स्थान पर ही रहता है। यह तारा रात के समय लोंगो को सही दिशा तथा सही राह चुनने में मदद करता है।

ख) भारत के बारे में आप क्या सोचते है ?

उ: भारत मेरा देश है जो संसार का सबसे सुंदर और महान देश है। इस देश ने संसार को सत्य, अहिंसा तथा भाईचारे की सीख दी है।

ग) बनजारा मन क्या गाता है ?

उ: बनजारा मन भारत के प्राकृतिक सुंदरता के गीत गाता है।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए।

क) 'राष्ट्रध्वज देश की शान होते हैं।' कैसे ? भारतीय तिरंगे की कहानी लिखिए।

उ: किसी भी स्वतंत्र देश का अपना एक राष्ट्रध्वज होता है जो उसकी एकता और अखंडता को प्रदर्शित करता है। इसलिए यह देश की शान होता है।

तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है जिसे २२ जुलाई १९४७ को अपनाया गया। यह खादी कपड़े से बनता है और इसमें तीन रंग होते हैं। तिरंगे का डिजाइन आंध्रप्रदेश के पिंगली वैंकैया ने बनाया था। इसका केसरिया रंग शक्ति और साहस को दर्शाता है। बीच में स्थित सफेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है। हरा रंग उर्वरता, समृद्धि का प्रतीक है। सफेद रंग के बीच में स्थित अशोक चक्र धर्म और समय की निरंतरता को दर्शाता है।

ख) आप अपनी मातृभूमि के लिए क्या-क्या करेंगे ?

उ: हमारी मातृभूमि हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ है। हम राष्ट्रहित में हमेशा कार्य करेंगे। अपने कर्त्तव्यों का सदैव पालन करेंगे। देश की संपत्ति की सुरक्षा करेंगे। गरीब, जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा करेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ से देश को हमेशा बड़ा समझेंगे।

भाषा ज्ञान-

६. समानार्थक शब्दों को पढ़िए और समझिए-

जग - संसार, विश्व

हवा - वायु, पवन

आँख - नेत्र, नयन

सागर - समुद्र, उद्धि

भू - धरती, भूमि

बिजली - विद्युत, चपला

पर्वत - पहाड़, गिरि

आसमान- आकाश, गगन

७. वाक्य बनाइए-

धूप - आज धूप बहुत तेज है।

धरती - हमारी धरती बहुत सुंदर है।

आँख - मेरी आँख में कुछ चला गया।

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow